राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–97/2023

राज्यपाल ने केन्द्र सरकार के वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात की

पटना, 13 मार्च, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पटना में पदस्थापित केन्द्र सरकार के वरिष्ठ पदाधिकारियों, केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं केन्द्रीय संस्थानों के निदेशकों से राजभवन में मुलाकात की।

इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे बिहार की जनता के कल्याण के लिए यहाँ सेवा दे रहे हैं तथा उन्हें लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना चाहिए तथा उनका समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने उन्हें लोगों की सेवा के लिए चुना है तथा इसका अवसर प्रदान किया। आमजन की सेवा करने से उन्हें आत्म संतुष्टि भी मिलेगी।

राज्यपाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमारी भूमिका लोगों के लिए काम करनेवाले के रूप में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने आगामी 25 वर्षों को अमृत काल कहा है और इस अवधि में हमें काफी कार्य करने हैं।

प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हमें वर्ष 2024 तक इस लक्ष्य को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि बिहार में टी०बी० के 1 लाख 4 हजार मरीज है। हम में से हर कोई एक रोगी को गोद लेकर उसके इलाज और खान–पान की जिम्मेदारी ले सकता है। इस कार्य में प्रति रोगी 800–1000 रू० प्रतिमाह 6 माह तक खर्च होता है। उन्होंने आह्वान किया कि वे स्वयं भी रोगी को गोद लें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, पटना में पदस्थापित केन्द्र सरकार के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण एवं केन्द्रीय संस्थानों के निदेशकगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

……………………………………